भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

मौखिक प्रश्न सं. 91#

गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**बिहार में पर्यटन के विकास के लिए केन्द्रीय सहायता**

**91#. श्री सतीश चंद्र दुबेः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बिहार राज्य को पर्यटन के विकास के लिए वित्तीय सहायता का कोई प्रस्ताव दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) कितनी परियोजनाओं का विकास के लिए चयन किया जा रहा है और उन पर विचार किया जा रहा है;

(घ) प्रत्येक परियोजना के लिए स्वीकृत की जा रही वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) बिहार के पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज और सीतामढ़ी जिले में विशेष रूप से चिह्नित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.) : एक विवरण सभापटल पर रख दिया गया है ।

*****

बिहार में पर्यटन के विकास के लिए केन्द्रीय सहायता के संबंध में दिनांक 10.02.2022 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. 91# के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ड.) : पर्यटन मंत्रालय ने बिहार राज्य में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास हेतु 'स्वदेश दर्शन', 'राष्ट्रीय तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन और 'पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की है । इसके अतिरिक्त आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार योजना के तहत मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी समारोहों के आयोजन हेतु बिहार राज्य को वित्तीय सहायता दी गई है ।

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता मांगने हेतु बिहार राज्य सहित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से समय-समय पर प्रस्ताव प्राप्त होते हैं । योजना दिशानिर्देशों के अनुसार इन प्रस्तावों की जांच की जाती है और निर्धारित प्रावधानों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता की शर्त पर ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।

पर्यटन विभाग, बिहार राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध के अनुसार पटना साहिब (पटना), विष्णुपद (गया) और पुनौरा धाम (सीतामढ़ी) को प्रशाद योजना के तहत तीर्थस्थान पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु अभिज्ञात किया गया है । पर्यटन मंत्रालय ने बिहार में 44.65 करोड़ रु. की राशि से स्वदेश दर्शन योजना की ग्रामीण परिपथ थीम के तहत भितिहरवा-चंद्राहिया –तुर्कौलिया में गांधी परिपथ के विकास को स्वीकृति दी है । इस परियोजना में 21.54 करोड़ रु. की राशि से पश्चिमी चंपारण में तथा 11.26 करोड़ रु. की राशि से पूर्वी चम्पारण में घटकों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

बिहार राज्य को 'स्वदेश दर्शन', 'प्रशाद' और 'पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और डीपीपीएच योजना के तहत मेलों/महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रदत्त वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम)/राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं पोषाहार प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी)/पाक कला संस्थान (एफसीआई) आदि को सहायता नामक योजना के तहत बिहार राज्य में केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान (सीआईएचएम), राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम) और भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) को वित्तीय सहायता प्रदान की है । बिहार पैकेज 2015 के एक भाग के रूप में बोधगया में आईआईटीटीएम खोलने का निर्णय लिया गया है जिसके लिए भूमि बिहार राज्य सरकार द्वारा दी जानी है और जब तक राज्य सरकार द्वारा उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए जाने तक राज्य आईएचएम बोधगया के परिसर से आईआईटीटीएम का एक अस्थायी कैम्प शुरू किया गया है । बोधगया में अस्थायी कैम्प के लिए 80.00 लाख रु. की राशि स्वीकृत की गई है जिसमें से 32.00 लाख रु. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान जारी किए गए हैं । साथ ही बोधगया में आईआईटीटीएम का केंद्र खोले जाने संबंधी प्रस्ताव स्वीकृति हेतु वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग को भी भेजा गया है जिसकी स्वीकृति प्रतीक्षित है । पिछले 5 वर्षों में बिहार राज्य में विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रदत्त वित्तीय सहायता से संबंधित विवरण **अनुबंध -II** में दिया गया है ।

*****

**अनुबंध - ।**

बिहार में पर्यटन के विकास के लिए केन्द्रीय सहायता के संबंध में दिनांक 10.02.2022 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. 91# के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना** **(करोड़ रु. में.)**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परिपथ का नाम** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2016-17** | | | | | |
| 1. | बिहार | तिर्थंकर परिपथ | वैशाली - आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास | 37.19 | 26.19 |
| 2. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | कांवड़िया मार्ग का एकीकृत विकास: सुल्तानगंज- मोजमा- बांका | 44.76 | 42.52 |
| 3. | बिहार | बौद्ध परिपथ | बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 98.73 | 93.22 |
| **वर्ष 2017-18** | | | | | |
| 4. | बिहार | ग्रामीण परिपथ | गांधी परिपथ का विकास: भितिहरवा- चंद्रहिया-तुर्कौलिया | 44.65 | 35.72 |
| 5. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 47.52 | 38.02 |
| **वर्ष 2018-19** | | | | | |
| 6. | उत्तर प्रदेश एवं बिहार | मार्गस्थ सुविधाओं का विकास (उप-योजना) | उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी-गया; लखनऊ-अयोध्या-लखनऊ; गोरखपुर-कुशीनगर; कुशीनगर-गया- कुशीनगर में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से मार्गस्थ सुविधाओं का विकास जिसमें बिहार में मोहनिया, जिला- कैमूर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास शामिल है । | 15.07 | 12.29 |
| | | | **कुल** | **287.92** | **247.96** |

**प्रशाद योजना** **(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **परियोजना लागत** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2014-15** | | | | |
| 1. | बिहार | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 4.27 | 2.91 |
| **वर्ष 2015-16** | | | | |
| 2. | बिहार | पटना साहिब का विकास | 41.54 | 33.23 |
| | | **कुल** | **45.81** | **36.14** |

**पर्यटन अवसंरचना विकास योजना के लिए कैंद्रीय एजेंसियों को सहायता**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **केंद्रीय एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष 2013-14** | | | | | |
| 1. | बिहार | रेल मंत्रालय के सहयोग से गया रेलवे स्टेशन पर पर्यटन सुविधाओं का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 5.18 | 2.00 |
| **वर्ष 2019-20** | | | | | |
| 2. | उत्तर प्रदेश (वाराणसी और इलाहाबाद-I, इलाहाबाद-II), बिहार **(भागलपुर)**, पश्चिम बंगाल (कोलकाता) और असम (नीमाती, पांडु, जोगीघोपा और विश्वनाथघाट) | राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर नदी क्रूज के आरोहण/उतरने के नौ (09) मुख्य बिंदुओं पर जेट्टियों के विकास के लिए सीएफए | आईडब्ल्यूएआई | 28.03 | 7.01 |
| | | | **कुल** | **33.21** | **9.01** |

**आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना (डीपीपीएच) के तहत मेलों और महोत्सवों तथा पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों / केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों को वित्तीय सहायता**

**(लाख रु. में)**

| **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **मेलों और महोत्सवों का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **निर्मुक्त राशि** |
|---|---|---|---|---|
| बिहार | 2019-20 | (i) सोनपुर मेला<br>(ii) राजगीर महोत्सव | 50.00 | 50.00 |

*****

**अनुबंध - II**

बिहार में पर्यटन के विकास के लिए केन्द्रीय सहायता के संबंध में दिनांक 10.02.2022 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. 91# के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **संस्थान का नाम** | **राज्य** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| **2021-22** | | | |
| 1. | सीआईएचएम हाजीपुर | **बिहार** | 1.24 |
| **2020-21** | | | |
| 1 | एसआईएचएम बोधगया | **बिहार** | 2.00 |
| 2. | सीआईएचएम हाजीपुर | **बिहार** | 0.56 |
| **2019-20** | | | |
| 1. | सीआईएचएम हाजीपुर | **बिहार** | 0.47 |
| **2018-19** | | | |
| 1. | सीआईएचएम हाजीपुर | **बिहार** | 2.15 |
| 2. | आईआईटीटीएम बोधगया | **बिहार** | 0.32 |
| **2016-17** | | | |
| 1. | एसआईएचएम बोधगया | **बिहार** | 4.00 |

*****